ॐ श्रीं सदगुरुदेव चरण कमलेभ्यो नमः

Vol. 01 - No 14

गणेशं भजेऽहं सदा भावगम्य ,

लक्ष्मीमुदासं सौभाग्यरूपं |

मानं यशस्तं परिचायमानः,

श्री मदगुरू संतत मानतोऽस्मि ||

मंगलमूर्ति ,सत्यभावो से ज्ञेय भगवान गणपति एवं सौभाग्यशाली लक्ष्मी को,जो परम उदार गुणों से युक्त हैं नमन करता हूँ | मान यश और शुभ्र प्रतिष्ठा की कामना करता हुआ ह्रदय के अत्यंत कोमलतम स्नेहपूर्ण भावो से सदगुरुदेव निखिल के श्री चरणों मे नमन करता हूँ.

I bow to bhagvaan Ganesh who are magalmurti (the auspicious idol) and able to known through true and pure feelings of heart and also goddess lakshmi, who is very kind and be of all the auspicious quality. i also praying for respect and all type of auspicious things for my life and bow to the divine lotus feet of sadgurudev Nikhil with full heart.

Dedicated
To
The Divine Holy Lotus Feet of
Param Poojya Sadgurudev Dr. Shri Narayan Datt Shrimali JI
(Paramhansa Swami Nikhileshwaranand ji)

Publisher

Of

Tantra kaumudi e-magazine

Nikhil Para Science Research Unit

Can be contacted through

www.npru.org

www.Nikhil-alchemy2.blogspot.com & Nikhil_alchemy yahoo group

TEAM MEMEBERS OF TANTRA KAUMUDI E- MAGAZINE

Editor *Associates editor s And Creative Designer*

nikhilarif@gmail.com raghunath.nikhil@yahoo.in anuwithsmile@rediffmail.com

Name of the Articles

You can Contact Us at nikhilalchemy2@yahoo.com.

General Rules :

This free e magazine available only to the follower register in the blog Nikhil-alchemy2.blogspot.com. and also nikhil-alchemy groups memeber . the article appear here, are /will be based on the divine wisdom of **SadGurudev Dr Shri Narayan Dutt Shrimali ji** , and his sanyasi shishyas . we as a your fellow guru brothers, here just providing words to their thought. For the address of these mahayogi's are not known to us, as they all are wondering saints.

The sadhana and mantra's appeared /mentioned in any article can be practiced ,on your own responsibility, to get success in sadhana you can have Diksha from anywhere where your faith,devotion and trust calls . for sadhana articles needed for that , you can purchase from any place ,as per you faith and trust suited to you ,

Please do not ask us for any type of sadhana related materials, and also for Diksha related Queries at any cost /condition , we does not sell any sadhana material (yantra , rosary etc).

Since sadhana is a very complex matter, for success and failure of any sadhana mentioned in any article here , many things required , to get success . that's why ,we do not take any responsibility in this connection. we also request, not to do any sadhana ,which is adverse and not permitted as per legal, morel, society belief.

This e magazine will be published monthly. You are receiving this magazine means that you are accepting the terms and conditions . at any time , you can withdraw your registration . this e magazine just a forum to share knowledge between us (Sadgurudev ji's shishyas - All guru brother and sisters),

if still any one raises questions regarding the authenticity of articles published here , for them, treat all articles just as a fiction and a ear say.

......

प्रिय आत्मजनों,

निखिल प्रणाम,

अन्याय शास्त्रेषु विनोद मात्रं

न तेषु किन्चिंद भुवि दृस्टमस्ति |

चिकीत्सित ज्यौतिष तंत्रवादा :

पदे पदे प्रत्यय माबहन्ति ||"

वेदांत साहित्य तर्क की ग्रंथियों मे उलझा हुआ हैं.जब की आगम साहित्य सरल परिभाषाओ के द्वारा रहस्यार्थ का उदघाटन करता हैं.तांत्रिक साधक अंतरतम मे प्रविष्ट हो कर प्रकृति और आत्मा के गुढ़तम रहस्यों के अनुसन्धान मे व्यस्त रहता हैं,आगम शास्त्र गुप्त मार्ग को प्रकाशित करता हैं एवं पग पग पर सत् पंथ निर्दिष्ट कर साधक को विश्वमय एवं विस्वोत्क्रीण ब्रम्ह से साक्क्षात्कार कराता हैं .अन्य शास्त्र केबल विनोद मात्र हैं तथा इस संसार का कुछ भी प्रत्यक्ष कराने मे समर्थ नही हैं. यह केबल तंत्र ,चिकित्सा और ज्योतिष शास्त्र हैं ही जो प्रत्येक पद पर अपनी प्रत्यक्षता का परिचय देते हैं .

इन्ही भावना को ध्यान मे रखते हुये,आपके तंत्र कौमुदी के इस १४ वे अंक को जो प्रकृति तंत्र और रत्न शक्ति तंत्र महाविशेषांक के रूप मे आपकेसभी अपने लिए उपलब्ध करते हुये हमारे लिए यह बहुत ही प्रसन्नता के क्षण हैं.जो यात्रा इस पत्रिका के प्रथम अंक के साथ प्रारंभ हुयी थी,उसका आपके द्वारा इतना अधिक स्नेह पाना और हर महीने इतनी उत्सुकता से इसका इंतज़ार करना, हमारे श्रम के लिए एक गौरव का विषय हैं साथ ही साथ जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण तथ्य हैं की हमने कोशिश की,सदगुरुदेव के अनन्त ज्ञान के एक अत्यंत लघु अंश को आपने सामने प्रस्तुत करने का,क्योंकि किसी भी व्यक्ति की सामर्थ्य सीमा ही नही हैं सदगुरुदेव के दिव्य ज्ञान के एक भी अंश को सीमाबद्ध करने का.कुछ काल पहले समय ऐसा जरुर बीच मे आया की जब सभी इस बात पर चिंतित हो रहे थे की कुछ नया क्यों नही .

और हमने एक छोटी सी कोशिश की इस दिशा मे आगे चलने की और सदगुरुदेव के सन्यासी शिष्य शिष्याओ के आशीर्वाद से और आप सभी का जो इतना सहयोग मिला,उसी का यह परिणाम आज आपके सामने हैं.मित्रो, साधना कभी भी कोई हलके मे लेने की वस्तु नही हैं,वरन बहुत ही गंभीर विषय है.इस क्षेत्र की रहस्यमयता और गहनता अपने आप मे एक अलग ही विषय हैं.हमारा पूरा प्रयास रहा हैं की तन्त्र कौमुदी का हर अंक विगत मे आये अंको से अपने आप मे श्रेष्ठ हो और आपके लिए न केवल उपयोगी जानकारी युक्त हो बल्कि ऐसी साधनाओ से युक्त हो जिनको आप आसानी से सम्पन्न कर भी सकें.और जिनमे लगने वाले उपकरण लगभग न केबराबर हो.जिससे आपके ऊपर कोई अनावश्यक आर्थिक बोझ ना आये.इस हेतु हम इस महीने से आप सभी के लिए भगवती नील तारा मेधा साधना और सौन्दर्य लुतिका साधना की साधना सामग्री निशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं.किसी आर्थिक लाभ की अपेक्षा हमारे ह्रदय में यही भावना हैं कि आप में से सभी सदगुरुदेव जी के दिव्य ज्ञान की महत्वता को समझे और न केवल समझे बल्कि उसे आत्मसात कर उस ज्ञान के एक प्रत्यक्ष प्रमाण भी सम्पूर्ण विश्व के सामने बने.

पुरुष और प्रकृति तो सारे विश्व का आधार हैं,इसे दूसरे तरह से कहा जाए की शिव और शक्ति से ही सारा ज्ञान, सारा संसार, सारी सृजनात्मकता का उद्भव हुआ हैं.इस अंक मे हमने प्रकृति, जो शक्ति का ही दूसरा नाम हैं उससे सबंधित अनेको अति दुर्लभ साधनाए हमने आपके लिए संजोयी है जो बहुत ही कठिनता से प्राप्त हुयी हैं ,अब आप पर यह हैं की आप केवल इन साधनाओ की प्रशंसा नही बल्कि इन्हें सही अर्थो मे आत्मसात करें तभी हमारे श्रम का मूल्य होता हैं.साधनाए लिख देने से नही बल्कि उन्हें करने से ही कुछ अर्थ सार्थक होता हैं.हम यह पूरी कोशिश कर रहे हैं की एक ऐसे वातावरण का निर्माण हो जहाँ हम साधनाओ को कर भी सकें और उचित मार्ग दर्शन के लिए आपको इंतज़ार न करना पड़े बल्कि वह आपको उसी समय उपलब्ध भी हो .मित्रो हमारे हर प्रयासों को, जो हमने इस कार्य के प्रारंभ मे किये. आलोचकों के साथ, अनेको के मन मे भी यह रहा की कैसे सम्भव होगा यह सब.पर आज आलोचक भी मानने लगे हैं की हम जो कहते हैं वह हम करते भी हैं और कोई भी गुप्त अजेंडा या छल कपट हमारे कार्यों का हिस्सा नही हैं, जो हैं वह सबके सामने हैं.आज " निखिल कल्प कुटीर " के निमित्त जो बृहद भूमि खण्ड लिया गया हैं. उसपर हम सभी ने भूमि पूजन समारोह आयोजित किया .

आप सभी इस बात का स्वयम गवाह हैं की सारा कार्य कितने सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ और इस कार्यक्रम मे नारी शक्तियों द्वारा सारा पूजन का भार और उनके कुशल निर्देशन और गरिमायुक्त मे होना, इस बात का गवाह हैं की सदगुरुदेव ने ज्ञान देने मे कोई भी भेदभाव नही रखा और हमारे परिवार मे जो भी नारी शक्ति हैं,

वह अपने आप मे पूर्ण सक्षम हैं.वह केबल शक्ति शब्द से सबोधित ही नही बल्कि उस तत्व को अपने आप मे पूर्णता से आत्मसात कर आज सामने भी आ रही हैं .और यह तो हम सभी के लिए गौरव की बात हैं .

इस अंक मे हमने “रत्न शक्ति तंत्र” से भी आपका परिचय कराने का प्रयास किया हैं क्योंकि रत्न वह अद्भुत शक्ति प्रदाता हैं,जो मानव को उसके द्वारा विगत के किये गए अशुभ कार्यों के परिणामों को कम करके या अति न्यून करने मे समक्ष हैं तो वहीँ दूसरी ओर शुभता को कई कई गुणा बढ़ा सकने मे समर्थ भी और इस अंक मे इस से सबंधित, जो तथ्य हमने आपके सामने रखे हैं. आप उनका अध्ययन करें निश्चय ही यह अंक अपने आपमें आप सभी के लिए एक श्रेष्ठता और साधानात्मक उच्चता लिए हुये हैं .हमारा प्रयास रहता हैं की हम जिस भी विषय को अपने महाविशेषांको का विषय बनाते हैं उस विषय को पूर्णता के साथ आपके सामने स्पस्ट कर सकें,जब इसी श्रंखला मे इन्ही महाविशेषांको के अगले भागों का प्रकाशन होगा,तब और भी उच्च कोटि की साधना सामग्री आपके सामने आएगी ही.इन सबके पीछे बस इतना ही अर्थ हैं की हम सभी साधनारत हो कर उन सभी उच्च स्थितियों को आत्मसात करें जो सदगुरुदेव जी के एक आत्मांश को पाना ही चाहिये और यह सिर्फ और सिर्फ दृढ और विनीत भाव के साथ स्थिर मानस वाले साधक साधिकाओ से ही संभव हैं जिनमे अपने उच्च चरित्र और नैतिक आधार के साथ भारतीय संस्कृति के गुण पूर्णता से हो .

और हमेशा की तरह यही कहूँगा की भाई अनुराग सिंह गौतम निखिल और भाई रघुनाथ निखिल के सहयोग से ही यह अंक इस रूप मे आपके सामने आ सका हैं, मैं यहाँ पर अपने **समस्त NPRU परिवार** की ओर से आप सभी भाई बहिनों का सहयोग जो हमें पल प्रतिपल प्राप्त हो रहा हैं,और सेमिनारो की श्रंखला के लगातार गतिशील होने से आप सभी से सीधे मिलना और आपके विचार जानने और आपके स्नेह को महसुस करना, सदैव से हम सभी के लिए प्रेरणादाई रहता हैं,जो हमें और भी श्रम करने केलिए शक्ति प्रदान करता हैं.आप सभी के अविचल और मधुर स्नेह की सदैव कामना के साथ

"**निखिल प्रणाम** "

सदैव से आपका ही भाई

आरिफ खान निखिल

SADGURUDEV - PRASANG

सिद्धि दर्शन

उन दिनों हम काशी मे ही निवास करते थे. नित्य दशाश्वमेध घाट जाते,गंगा स्नान करते और बाकी का सारा समय गुरुदेव के साथ साधना सिद्धियों मे ही व्यतीत करते.

एक दिन मेरे गुरू भाई प्रियंकू बाबा ने पूंछा "क्या सिद्धियों का चमत्कार उचित हैं "?

स्वामी जी ने उत्तर दिया " जो साधनाए सीख रहे हैं या जो सिद्धियों मे प्रविष्ठ हो रहे हैं,उन्हें भूलकर भी चमत्कार मे नही पड़ना चाहिए.इससे उनकी शक्ति क्षीण हो जाती हैं और साधना की तरफ उनका ध्यान नही रह जाता हैं, साथ ही साथ साधना क्षेत्र की एक मर्यादा हैं और इस मर्यादा का पालन प्रत्येक साधक,योगी या सन्यासी को करना ही चाहिये"

" जो साधना क्षेत्र मे हैं और अभी तक गुरुवत नही बन् सकें हैं,उन्हें लोगों के उकसाने पर भी चमत्कार या सिद्धियों का प्रदर्शन नही करना चाहिए .बहुत ही शान्त,सरल एवं सामान्य अवस्था मे ही उन्हें रहना चाहिए की पडौसी को भी उनकी सिद्धियों के बारे मे ज्ञान न हो सकें "

"पर जो सिद्ध हैं जिन्होंने सिद्धियों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया हैं वे चाहे तो समय समय पर इसका प्रदर्शन कर सकते हैं,पर इस सिद्धियों के प्रदर्शन मे उनका व्यक्तिगत स्वार्थ नही होना चाहिए.अपना बड़प्पन,उच्चता या सिद्ध होने की प्रक्रिया के लालच मे ऐसा प्रदर्शन करना उचित नही हैं, हकीकत भी यह हैं की जो सही अर्थो मे सिद्ध हैं वह न तो क्षुद्र हो सकता हैं न स्वार्थी.उन्हें अहंकार भी व्याप्त नही हो सकता हैं.वे तो पर दुःख कातर होते हैं और दूसरों के दुःख को दूर करने के लिए ही आवश्यकता पड़ने पर ऐसी सिद्धियों का प्रदर्शन कर लेते हैं."

"यदि सन्यासी किसी कारण वश गृहस्थ जीवन मे जाता हैं और इस सन्यासी ने जीवन मे सोद्ध्यों पर अधिकार प्राप्त किया हैं तब भी गृहस्थ जीवन मे जाने पर उसे सिद्धियों का प्रदर्शन भूल कर भी नही करना चाहिए . चाहे लोग उसे कितना ही अधिक उकसाए ,कुछ भी कहें, कभी कभी अपमान,लांछन या तिरस्कार भी सहन करना पड़ सकता हैं. सभी स्थितियों मे उसे संयत बने रहना चाहिए,और भूल कर भी चमत्कार प्रदर्शन नही करना चाहिए."

मैंने पूंछा " क्या गृहस्थ मे साधना सिद्धि प्रदर्शन अनुचित हैं ?"

उन्होंने उत्तर दिया " अनुचित तो नही हैं, पर ये गृहस्थ लोग या गृहस्थ शिष्य क्षीण बुद्धि होते हैं.उनकी भावना साधना की उच्चता या महत्ता नही होती,सीखने या प्रकृति पर विजय प्राप्त करने की भावना नही होती,अपितु मूल मे स्वार्थ सिद्धि या चमत्कार दर्शन ही होता हैं.यदि कोई गृहस्थ शिष्य चमत्कार दिखने की बात करें तो समझ लेना चाहिए की यह क्षीण बुद्धि हैं और शिष्य बनने के योग्य नही हैं."

मैंने पूंछा " शिष्य कैसे बनना चाहिए ?"

उन्होंने कहा " शिष्य बनने की प्रक्रिया नही हैं ,यह तो स्वत: गुरू के प्रति अनुरक्ति हैं. पिछले जीवन मे भी जिस गुरू से वह दीक्षा लिये हुये हैं इस जीवन मे भी उसी गुरू से वह अनुरक्त रहता हैं. हो सकता हैं की भ्रम वश किसी दूसरे सन्यासी या पाखंडी के पास चला जाए,हो सकता हैं कुछ समय के लिए भ्रमित हो जाए, परन्तु ऐसा होने पर भी उसके मन को शांति नही मिल पाती हैं. ऐसे गुरुदेव से भी दीक्षा लेने पर भी उसके चित्त मे चंचलता बराबर बनी रहती हैं. मन मे उद्विनगता और तनाव विद्यमान रहता हैं "

' पर जब वह उसी गुरू के पास पहुँच जाता हैं जो जन्म जन्म से उसका गुरू होता हैं तो उसे देखकर सहसा ऐसा अनुभव होता हैं की इनका मेरा कई कई वर्षों का सम्बन्ध हैं, यद्दपि उन्हें पहली बार देख रहा हूँ परन्तु ऐसा लगता हैं की इससे पूर्व मे भी इन्हें देखा हैं. उनके पास बैठने से शांति मिलती हैं,मन मे संतोष होता हैं, और ह्रदय मे तृप्ति का अनुभव होता हैं.

और जब ऐसा अनुभव हो, जहाँ बैठने से शांति मिलती हो, जिनसे बात करने पर अपनत्व का बोध होता हो,जहाँ चित्त की चंचलता समाप्त होती हो, उसी गुरू से दीक्षा या पुनः दीक्षा ले कर उनके बताए पथ पर आगे बढ़ना चाहिए ."

मैंने पूंछा "फिर शिष्य क्या करें?"

उन्होंने उत्तर दिया " शिष्य को कुछ भी करना नही होता हैं. जो कुछ करना होता हैं, वह गुरू करता हैं . शिष्य का तो केबल एक ही धर्म, एक ही कर्तव्य, और एक ही चिंतन होता हैं कि वह गुरू आज्ञा का पालन करे उसमे किसी भी प्रकार की हील हुज्जत न करें. किई भी प्रकार का तर्क –वितर्क, सन्देह-असदेंह उत्पन्न होने पर समझ जाना चाहिए की वह शिष्य बनने के काबिल नही हैं.शिष्य का तात्पर्य यह हैं की वह गुरू के निकट जाए और उनके ह्रदय के सन्निकट पहुचे और इतना आधिक निकट पहुचे कि वह अपने अस्तित्व का विसर्जन कर दे,उसे अपना होश ही न रहे. पूर्ण रूपेण समर्पित चिंतन ही शिष्य कहलाता हैं ."

यदि गुरू शिष्य को छत पर खड़ा कर दें और नीचे दहकता हुआ अग्नि कुंड हो और गुरू शिष्य को नीचे छलांग लगाने को कहे तो उस शिष्य को एक क्षण का भी विचार नही करना चाहिए ,बिना सोचे बिना विचार करीब उस दहकते हुये अग्नि कुंड मे कूद जाना ही शिष्यता हैं "

"पर ऐसी आज्ञा गुरू देगा ही क्यों "

स्वामी जी ने उत्तर दिया यह गुरू का कार्य हैं उस क्या आज्ञा देनी हैं और क्या आज्ञा नही देनी हैं. गुरू का कोई भी आदेश अकारण नही होता हैं.उसके पीछे कोई न कोई उसका चिंतन अवश्य होता हैं .और वह चिंतन शिष्य के हित मे होता मे होता हैं .गुरू का एक मात्र उदेश्य पूर्ण रूप से शिष्य को सभी दृष्टियों से योग्य और संपन्न बनाना हैं और इसके लिए वह बराबर प्रयत्न करता हैं .

" जिस प्रकार सुनार बार बार सोने को अग्नि मे डालता हैं, लाल सुर्ख करता हैं, और बाहर ला कर हथौड़े से पीटता हैं, ऐसा होने पर ही वह स्वर्ण देव मुकूट बनता हैं,देवताओं के सिर पर चढ़कर बैठता हैं.शिष्य को भी स्वर्ण वत होना चाहिए,गुरू उसे तपाये या हथौड़े से चोट करें उसे बिलकुल भी न नुकुर नही करना चाहिये,अपितु अपने लक्ष्य पर बराबर गतिशील बना रहे,ऐसा होने पर ही वह शिष्य आगे चलकर प्रसिद्ध योगी बन् जाता हैं.

उन्होंने बात को स्पष्ट करते हुये बताया ,"पूर्ण सिद्धियाँ और सिद्धिता पाने के लिए यह जरूरी नही हैं कि संन्यास ही ले, श्री कृष्ण पूर्णतः गृहस्थ थे मगर फिर भी योगीराज कहलाये.गृहस्थ मे रहकर भी जो असम्प्रक्त रहता हैं जो सही अर्थो मे ही अपने गुरू को अपना इष्ट,सखा,मित्र,माता,पिता,भाई,बहिन,इश्वर और सब कुछ मान लेता हैं,वह सही अर्थो मे योगी होता हैं,कपडे बदलने या भभूत लगाने से ही सब कुछ नही हो जाता हैं.

बात का समापन करते हुये गुरुदेव ने कहा "ऐसा ही शिष्य गुरू के चित्त पर अंकित होता हैं,और गुरू का सारा ज्ञान और सिद्धियाँ स्वत ही उसे प्राप्त हो जाती हैं जिससे वह सही अर्थो मे सिद्ध बनकर पूरे विश्व का कल्याण करने मे समर्थ बन् जाता हैं . मंत्र तंत्र यन्त्र विज्ञानं से साभार

==

Siddhi Darshan

Those days, we resided in Kaashi (Varanasi).Daily we used to go to Dashaashvmegh bank, take bath in Ganga and rest of time was spent with Gurudev in sadhna accomplishments.

One day my Guru Brother Priyanku Baba asked "Is it right to show miracle of siddhis (spiritual accomplishments) "?

Swami Ji answered “Those who are learning sadhnas or those who are entering into siddhis, even by mistake they should not show it off. By doing so, their power becomes feeble and they could not concentrate on sadhnas. Along with it sadhna field has got its own decorum and this decorum should be followed by every sadhak, yogi or ascetic”

“Those who are in sadhna field and have not yet become Guru; they should not show miracles or exhibit siddhis even when they are instigated by people. They should remain in very peaceful, sober and simple manner so that even his neighbour is not aware of his siddhis”

“ But those who are siddhs, who have established control over siddhis , they from time to time can exhibit them but that exhibition should not be done for selfish ends. Showing the siddhis just to show your supremacy, greatness is not right. Reality is also that those who are siddh in real sense, they can neither be contemptible nor selfish. Even ego cannot come into their head. They show their siddhis only at the time of need in order to remove miseries of others.”

“If any ascetic lives a life of householder for any reason and this ascetic has attained control over accomplishments, then also upon living householder’s life, he should not exhibit siddhis even by mistake. He may be instigated by so many people, people may say anything, he may have to sometime bear insult, blames etc. He should remain calm and patient in all circumstances and should not show miracles even by mistake”

I asked “Is it wrong to show off sadhna accomplishments in household life”

He answered that “It is not wrong but these householders or household disciples are feeble-minded. They do not want to understand the importance and supremacy of sadhna, they do not have feeling to learn or secure win over nature rather they want to meet their selfish ends and are interested in seeing miracles .

If any householder disciple says about seeing miracles then it has to be understood that he is feeble-minded and is not capable of being a disciple."

I asked "How one should become disciple?"

He said "There is no procedure of becoming disciple; it is automatic passion towards Guru. In past life, The Guru from which one has taken Diksha (initiation); in this life too he will be passionate towards that Guru. It may happen that due to delusion, he can go to some other ascetic or fraud and is misled for some time but in such case he does not attain peace. After attaining initiation from such Gurudev, his mind is still anxious and stressed"

'But when he goes to the Guru, who has been his Guru in his previous births then seeing him he feels that his relation with me is of many years. Maybe I am seeing him for first time but it seems that I have seen him earlier. Sitting near him gives me peace, a sense of satisfaction.

And when someone feels such a thing, sitting where gives you peace, talking to whogives feeling that he belongs to me, where volatility of mind evaporates,and then he should take initiation from that Guru and move forward on path told by him"

I asked "Then what disciple should do?"

He answered "Disciple does not have to do anything. Whatever has to be done has to be done by Guru. There is only one duty, one task and one thinking of disciple that he should follow Guru Orders, he should not make any type of argument. In case there is arguments, state of doubt then it should be understood that he is not capable of becoming disciple. Disciple is the one who goes closer to Guru, near to his heart and so much near that he completely surrenders himself. Attitude of complete dedication is called disciple"

If guru takes disciple to terrace and there is fire vessel downside and Guru orders disciple to jump in it then disciple should not think even for one second, without thinking, jumping in that fire vessel is duty of disciple"

"But why will Guru give such orders"

Swami Ji answered that it is the work of Guru to decide which orders are to given and which are not to be given. Any order of guru is not without any reason. There is some thinking or the other behind it. And that thinking is in better interest of disciple. Only aim of Guru is to make disciple capable and complete in all respects and for this, he continuously put in efforts.

"As goldsmith put gold into fire again and again, make it red-hot and take it out and hit it with hammer, when it happens that gold becomes crown of Devs. Disciple should also be like gold, how much he is hammered by Guru, he should never hesitate rather he should continuously move towards his aim. When it happens, that disciple in future becomes famous Yogi.He made his point clear and said "It is not necessary that in order to attain accomplishments one should become ascetic. Shri Krishna was completely householder but still he went on to be called king of yogis. The one who even leading a householder life remains free of illusion , who truly considers his Guru to be his Isht , friend , mother ,father .brother , sister , god and everything , he truly is a Yogi , just change of clothes and applying ashes is not everything. Gurudev ended his talks and said "Such disciple writes his name on heart of Guru and all knowledge and accomplishments of Guru is attained by him by which he becomes siddh in real sense and becomes capable to do welfare of entire world**.**

From mantra tantra yantra vigyan

सौभाग्य प्रदायक सरल गणेश साधना

SHRI GANPATI PRAYOG

भगवान गणपति के वरदायक स्वरुप से सम्बंधित एक सरल साधना

गण का एक अर्थ मानव इन्द्रियाँ भी होता हैं, और जो इन इन्द्रियों के भी स्वामी हैं उनको कैसे कोई साधक कम करके आंक सकता हैं ,क्योंकि बिना इन्द्रियों के मानव देह का कोई अर्थ नही हैं और इन्द्रियाँ हैं पर उनपर कोई भी नियंत्रण नही तब भी कम से कम बात तो यही हैं.अतः जिन्हें भी साधना मार्ग पर आगे चलना हैं, उन्हें इस बात का भान होना चाहिए की भगवान गणेश का एक अपना ही स्वरुप हैं.

भले ही उनके भोलेपन और प्रसन्तायुक्त स्वरुप से हम सभी का कहीं जायदा परिचय रहा हो पर इस बात से भी इनकार नही की वे ही सर्व प्रथम पूज्यदेव हैं और सर्वमान्य देव भी .इसलिए हर साधना से पूर्व उनका स्मरण, पूजन, मंत्र जप एक अनिवार्यत: स्थित हैं अन्यथा किसी भी प्रकार का विघ्न सामने आ सकता हैं .

यह भी साधना का एक भाग हैं की भगवान गणेश का आशीर्वाद लेना आवश्यक हैं क्योंकि सिर्फ सर्व पूज्य और प्रथम पूज्य होने मात्र से नही बल्कि वे समस्त देव वर्ग का मानो एक सामूहिक स्वरुप भी हैं और उनके पूजन मात्र से सभी देव शक्तियों का पूजन हो जाता हैं. जैसे सदगुरुदेव पूजन से समस्त शुभ शक्तियों का पूजन तो हर साधक को अपने दैनिक पूजन मे इस साधना को "गणेश साधना" का एक आधार तो होना ही चहिये ,अगर किसी भी कार्य मे अनावश्यक विघ्न आ रहे हो तो निश्चय ही भगवान गणेश की उपासना, उसमे बहुत लाभकारी या हितकारी होगी ही .हमने अनेको प्रयोग ब्लॉग और तंत्र कौमुदी के माध्यम से आप सभी के सामने रखने का प्रयास किये हैं उन प्रयोग की महत्वता को समझना ही चाहिए तभी रहस्य सूत्रों का कोई अर्थ हैं.

ॐ श्रीं एकदंताय गणेशाय विजयाय श्रीं ॐ नमः ||

प्रस्तुत मंत्र विधान को अपने दैनिक जीवन मे अपनाए और कम से कम एक माला मंत्र जप तो प्रतिदिन करें और अनुभव करें की भगवान गणेश का वरद हस्त सदैव से आपके ऊपर हैं और वह हर परिस्थितियों मे आपके विघ्न को दूर करेंगे ही जब तक हमारा संकल्प शुभता की ओर होगा .

===

GANESH SADHNA

One meaning of "Gan" (as in Ganpati) is also human senses. Then how can we consider sadhna of master of these senses lesser because without senses, human body has got no meaning and besides this, if senses are present but they are not under our control then also same thing applies. Therefore, those who want to move forward on sadhna path, they should be well aware that Lord Ganesh has got its own form.

May be till now we have been more familiar with his innocent and pleasant form but there is no doubt in the fact that among gods he is the first one to be worshipped and also he is recognised by all. Therefore, before any sadhna, remembering him, his poojan, mantra Jap is one essential condition otherwise any type of hurdle can come in front of us.

This is one of the important points in sadhna to take blessings of Lord Ganesh because not only he is worshipped by all and that too at first place but he is combined form of entire Dev category and poojan of him is poojan of entire Dev Shaktis. It is same as the case that when we worship Sadgurudev, worship of entire auspicious power is done. Therefore, sadhak should make "Ganesh Sadhna" as one of the basis of daily worship. If unnecessary hurdles are coming in any work then definitely worship of Lord Ganpati will be much more beneficial. We have given so many prayogs through blog and Tantra Kaumadi. We should understand the importance of these prayogs. Only then, these secrets will be meaningful.

Om shreem ekdantaay ganeshaay vijyaay shreem om namah

Follow the mantra procedure presented here in your daily life and at least chant one round of it daily and feel that blessings of Lord Ganesh is always with us and in every circumstances he will get rid of your hurdles provided your resolution is auspicious.

Why we need prakriti tantra sadhana ? .

एक परिचय ...

सारा विश्व शिव और शक्ति के संयोग का ही एक स्वरुप हैं,और प्रकृति का मतलब शक्ति ही तो हैं एक आधार,जिस पर सारा विश्व टिका हैं,शक्ति के बिना शिव भी असहाय हैं ये बात तो सभी ने पढ़ी होगी पर यह भी सत्य हैं की शक्ति को भी शिव का आधार चहिये ही अन्यथा कैसे संभव हो सकता हैं सृष्टि के तीनो नियम सृजन,पालन और संहार और नित नूतनता, यह तो एक बात का प्रतीक हैं की शिव और शक्ति दोनों का संयुग्मन ही सारे तंत्र और सारी प्रगति और जो भी दृश्य या अदृश्य मे घटित हो रहा हैं, उन सभी का प्रतीक हैं,इस बात को तो सभी मानते हैं बस वहां शब्दों का रूप बदल जाता हैं पर अर्थ वही रहता हैं.

जीवन मे भी यही कहीं न कहीं पक्ष हैं ही, बहुत ही सूक्षमता से देखने पर यही अनुभव मे आता हैं जो घटना सारे विश्व मे अबाध रूप से घटित हो रही हैं वहीँ कहीं न कहीं हर मानव के अंतर मन मे भी तो .

सारा तंत्र, शिव और शक्ति के आपसी वार्तालाप पर ही तो आधारित हैं और किसी भी तंत्र के मूल ग्रन्थ मे उसके प्रारंभ मे लगभग यही अवस्था रहती हैं ही,इसलिए किसी भी तंत्र मे शक्ति को उपेक्षित किया ही नही जा सकता हैं.क्योंकि तंत्र का अर्थ हैं स्वयम के जीवन का शक्तियुक्त विस्तार, जो जीवन अभी तक मानो बिना रीढ़ की हड्डी का रहा हो उसे अब एक स्थिरता देना .इसलिए शक्ति की उपासना आदि काल से मानव के जीवन का एक आवश्यक अंग रही हैं.और जो भी व्यक्ति स्वयं अपने जीवन का अनुसंधान या खोज करना या उसे अपना सही स्वरुप जानना हो उसे तो इस रास्ते पर जाना ही होगा यही एक मात्र उपाय हैं. जिसको समझना ही होगा, उसी एक मात्र आद्य शक्ति के मुख्तय: १० बिभाग किये गए जिन्हें हम १० महाविद्या के रूप मे भी जानते हैं.और यह वर्गीकरण अनेक रूप मे हुआ, कहीं गुण प्रधानता रही तो कहीं सौम्यता तो कहीं कोई अन्य आधार पर सभी के मूल मे एक वही आद्याशक्ति पराम्बा ही हैं .

अगर मानव को अपने जीवन को एक अर्थ देना हैं और उसे श्रेष्ठता की उचाई छूना हैं तो उसे शक्ति या प्रकृति तत्व को आत्म सात करने के लिए आगे बढ़ना ही होगा, यह अनेक मार्ग से हो सकता हैं पर साधना मार्ग मे तंत्र साधना इसका एक सरल और सहज उपाय हैं जिसे आज इस आपाधापी वाले युग मे एक वरदान ही कहा जा सकता हैं .पर तंत्र अगर जल्दी असर देने वाला हैं तो उसमे सावधानी की भी आवश्यकता हैं यह बात समझने की भी की अगर से क्रिया का परिणाम अगर चाहना हैं तो उसे उन सारी क्रियाओं के गुप्त और रहस्य मय सूत्रों को भी समझना होगा और साथ ही साथ इस मार्ग पर जो सबसे बड़ा आश्रय हैं वह हैं सदगुरुदेव ..तो उनके श्री चरणों मे समर्पित होना भी ..यह जीवन का एक उच्च लक्ष्य कहा जा सकता हैं .

शक्ति तत्व की साधना दो प्रकार से संभव हैं एक तो दक्षिण मार्गी और दूसरा वाम मार्गी. यह समझने की बात हैं की वाम मार्ग कहने मात्र से उसे घृणा की दृष्टी से नही देखा जाना चाहिये क्योंकि इस शब्द के गहन अर्थ हैं.और इस पूरे ब्रम्हांड मे कोई भी वस्तु निरर्थक नही हैं बस काल और परिस्थिति के अनुसार हर व्यक्ति के लिए साधना क्रम अलग अलग हो सकता हैं.यह भी एक समझने वाला तथ्य हैं की साधना वही भी शक्ति तत्व की न केबल व्यक्ति मे एक प्रसन्नता और आहलाद की सृष्टि करती हैं वहीँ दूसरी ओर जीवन और आध्यात्म के एक से एक नवीन तथ्य उसके सामने साकार भी करती हैं.

इन अर्थो मे आज शक्ति साधना और शक्ति साधक का नितांत आवश्यकता हैं क्योंकि जब व्यक्ति बल युक्त होगा तभी समाज भी ऐसा ही होगा और व्यर्थ की न्युनताये भी नही होगी .क्योंकि जितना ज्यादा व्यक्ति असुरक्षित होगा जितना ज्यादा शक्ति हीन होगा वह उतनी ही ज्यादा समस्याए भी.और शास्त्रों मे तो स्पस्ट कहा गया हैं कि शक्ति युक्तता ही पुण्य हैं और शक्ति हीनता ही पाप.इस बात का अर्थ हैं .

हमारे प्राचीन आचार्य और संस्कृति इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं की सभी शक्ति उपासक रहे हैं और वह समाज अपने आप मे उन्नति दायक और सर्व दृष्टी से समपन्न भी रहा हैं .बस कुछ काल विशेष मे यह धारा मंद सी हो गई और इसका बहुत ही भयानक असर हमारे जीवन पर पड़ा पूरा देश मानो पंगु सा हो गया, और अब दूसरे के आसरे होने लगा ,अपना स्वरूप भूल सा गया और पाश्चात संकृति के अच्छे गुण तो नही बल्कि दुर्गुण जरुर अपनाने लगा कुछ शिक्षा व्यवस्था का भी दोष रहा .इन सब का परिणाम साधना क्षेत्र की ओर उपेक्षा ..और यह कोई भी समझ नही पा रहा था की यह कैसे हो गया .इस विपरीत काल मे सदगुरुदेव जी के अनथक अतिमानवीय श्रम का ही यह परिणाम हुआ की आज साधना पक्ष के प्रति एक नया रुझान, एक नयी सोच और एक पूरी नयी पीढ़ी का इस ओर आना सिर्फ उन्ही की ही मेहनत का ही परिणाम हैं जिसे भले ही कुछ अति बुद्धिवादी महत्त्व दे या न दें,यह जरुर हैं की सदगुरुदेव के पवित्र नाम पर अपना उल्लू सीधा करने वालों की तो आज भीड़ हैं सामने .

साधारणतः प्रकृति का मतलब आपका आचरण व्यवहार होता हैं क्योंकि कहा भी जाता हैं न, की मुझे उसकी प्रकृति ठीक नही लगती या वह बुरी प्रकृति का जीव हैं.इस तरह एक अर्थ यह भी होता हैं जिसे शिवलिंग के आधार को भी प्रकृति कहा जाता हैं और एक अर्थ मे तो जो भी दृश्य जगत हैं उसकी आधार भी .और जब बात तंत्र की आये तो सभी का मिश्रण स्वरुप हैं प्रकृति तंत्र

एक साधक मे यह गुण होना चहिये की वह पहले तो निष्ठा पूर्वक साधनारत रहे और मन मे प्रकृति से विजय पाने की भावना और जिस पथ पर आगे जा कर वह प्रक्रति का सहचर बन जाता हैं .पर पहले तो इस पर विजय पाने की भावना होना ही चाहिये,बिभिन्न साधना मार्ग से व्यक्ति इसी मार्ग पर आगे बढ़ना ही चाहता हैं .और प्रस्तुत अंक इसी बात का ही तो परिचायक हैं इसी भावना को ध्यान मे रखकर यह अंक बहुत ही उपयोगी साधनाए आप सभी के लिए हुये हैं ..

WHY THERE IS NEED OF PRAKRITI TANTRA?

Entire world is culmination of combination of Shiva and Shakti. Prakriti (nature) means Shakti only. Shakti forms base on which entire world rests. Without Shakti, even Shiva is helpless. This fact would have been read by all of you but it is also true that Shakti also needs base of Shiva otherwise how it can be possible. All three rules of universe creation, maintenance and destruction and its ever-newness are indicative of the fact that combination of Shiva and Shakti represents all Tantra, whole progress and all the things which are happening in visible and invisible world. This fact is recognised by all. Just the words change, essence is the same. After looking very subtly, it is felt that the incident which is happening in entire world unknowingly is also happening in inner mind of every person.

Entire Tantra is based on mutual conversation between Shiva and Shakti and this fact is quite evident in starting of any basic scripture of Tantra. Therefore, in any Tantra, Shakti cannot be ignored. Tantra means powerful (Shakti Yukt) expansion of one's own life, providing stability to the life which was earlier without backbone. Therefore, worship of Shakti has been essential element of human life from ancient times. The person who wants to do research on his own life or discover it or wants to know about one's own real form then he has to move forward on this path. This is the only solution. That sole Aadya Shakti was primarily divided into 10 parts which we know as Ten Mahavidyas also. And this categorization happened in many ways, somewhere based on qualities, somewhere based on politeness, somewhere on any other basis but root of all is only that Aadya Shakti Paramba.

If human being wants to give meaning to his life and reach supreme heights then he has to move ahead to imbibe Shakti or Prakriti element.

It can happen through different paths but in sadhna path, Tantra sadhna is simple and easy way which can be called boon in today's busy era. But it Tantra is capable of producing quick results, precaution is also needed while practising it. If one wants to attain results from procedure then he/she has to understand hidden and secretive facts related to that procedure. To add to that, the biggest reliance on this Path is of Sadgurudev….so surrendering ourselves in his lotus feet…..can be called supreme aim of this life.

Sadhna of Shakti element is possible in two ways, firstly by Dakshin Maarg (Right Hand Path) and secondly by Vaam Maarg (Left Hand Path). Here one thing needs to be understood that Vaam Maarg should not be seen in hateful manner because this word has got deep meaning. And in this Universe, nothing is meaningless, just that sadhna procedure of each person can be different depending upon time and circumstances. One more fact worth understanding is that Sadhna and that too of Shakti element not only makes person joyful and happy, it also materializes novel facts of life and spirituality in front of him.

In this sense, there is extreme need of Shakti Sadhna and Shakti sadhak today because when person will be strong, then society will also be like this and there will be no useless deformities. Because more the person is insecure, more the person is devoid of strength, more will be the problems confronting him. And it has been said clearly in Shastra that being strong is virtuous and being powerless is evil.

Our ancient Acharya and culture are clear evidence of this fact that all were worshipper of Shakti and that society was progress and complete in all respects. Just at particular point in history, these things gradually started vanishing which had disastrous repercussions on our life.

it seemed that nation became handicapped and started depending on others , forgot his real form and started adopting bad qualities of western culture , educational system was also at fault. Results of all this deformity was ignoring sadhna….and nobody was able to understand why it happened. In these adverse times, Sadgurudev's super-human work resulted into new interest, new attitude towards sadhna aspect. Today one complete new generation has started moving towards it and this all is result of hard-work put by Sadgurudev which may or may not be given importance by few highly-educated people. It is also true that crowd of people has come forward who wants to meet their selfish end using divine name of Sadgurudev.

Generally nature means your conduct and behaviour. It is also said that I do not like his nature or that person has bad nature. In the similar manner, base of Shivling is also called Prakriti. And in one sense, base of visible world is also Prakriti. And when we talk about Tantra, then mixed form of all of these is Prakriti Tantra.

One sadhak should possess quality that he should do sadhna with dedication and with the feeling to win over nature and later on he become companion of nature. But in starting, he should have feeling to win nature. Person takes help of various sadhna paths to achieve this thing. And edition presented here is indicator of the same fact. Keeping this sentiment in mind, this edition has got lot of useful sadhnas for you all…..

विद्याकालिका साधना

VIDYA KALIKA SADHANA ?

परम दुर्लभ एक अद्वितीय साधना

महाकालिका महाविद्यां कलौपूर्णफलप्रदा

ब्रह्माण्ड की श्रेष्ठतम विद्या और अधिष्ठात्री दस शक्तियां जो की दस महाविद्या के नाम से साधको के मध्य प्रचलित है. सभी स्वरुप अपने आप में विलक्षण तथा साधक को ब्रह्माण्ड के सभी सुख भोग की प्राप्ति कराने में समर्थ है .

लेकिन सभी महाविद्याओ की अपनी अपनी अलग ही महत्ता है जिसको आदि काल से ही निर्विवादित स्वीकार किया जाता है. लेकिन महाकाली का स्वरुप तो सभी साधको के ह्रदय में हमेशा उपास्य रहता ही है. तथा इनके भी कई मुख्य रूप और कई विशेष रूप साधना जगत में विख्यात रहे है. चाहे वह दक्षिण मार्ग हो या कापालिक साधना हो, श्मशान या औघड साधना या फिर त्रिक या कॉल मत भी हो, देवी की साधना उपासना सभी मार्ग में सभी साधको के द्वारा कई कई स्वरुप में कई कई पद्धतियों से आदि काल से होई आई है. महाकाली भले ही संहार क्रम की शक्ति मानी जाती हो लेकिन निश्चय ही वह तीनों क्रम में बराबर गतिशील रहती है. आदि शिव के महाकाल स्वरुप की यह शक्ति हमेशा कल्याणकारी तथा रक्षात्मक स्वभाव के कारण जनमानस में पूज्य रही है. उच्च से उच्चतम सिद्धो और साधको ने एक मत में यह स्वीकार किया है की भगवती महाकाली की साधना और उपासना करने पर साधक कई कई प्रकार से सिद्धियों की प्राप्ति कर अपने जीवन के भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों ही पक्षों में पूर्ण सफलता की प्राप्ति कर सकता है. महाकाली एक ऐसी महाविद्या है जिनके बारे में यह कहा जाता है की वह कलयुग में शीघ्र फल प्रदान करने वाली है. निश्चय ही देवी के सबंध में यह तथ्य एक निर्विवादित सत्य है जिसका अनुभव कई कई साधको ने इस युग में किया है. पुरातन तंत्र ग्रंथो में कहा है की भगवती की साधना करना किसी भी साधक के लिए सौभग्य उदय की ही संज्ञा है.

भगवती से सबंधित कई स्वरुप साधको के मध्य प्रचलित है ही लेकिन भगवती का विद्याकाली या विद्याकालिका स्वरुप अत्यधिक गुढ़ तथा विलक्षण माना जाता है. क्योंकी यह स्वरुप विद्याओ से अर्थात गुढ़ ज्ञान से सबंधित स्वरुप है, जिसको सिद्ध करने पर साधक को कई गुढ़ ज्ञान की प्राप्ति होती है. परन्तु, देवी के इस स्वरुप से सबंधित साधना क्रम अत्यधिक तीव्र तथा विलक्षण है, जिसे सहज ही संपन्न करना असंभव है. तथा आज के युग में गृहस्थ साधको के लिए यह क्रम कई द्रष्टि से असहज है. लेकिन इस रहस्यमय स्वरुप से सबंधित कुछ सौम्य लघु प्रयोग भी है. जिसको कोई भी साधक बड़ी सहजता से संपन्न कर सकता है. इसी क्रम में देवी विद्याकालिका से सबंधित यह प्रयोग प्रस्तुत है. इस प्रयोग को संपन्न करने के बाद साधक को ज्ञान सबंधित कई लाभों की प्राप्ति होती है. साधक को कोई भी विषय को समझने में सहजता का अनुभव होने लगता है, साधक की स्मरणशक्ति का विकास होता है, विशेष रूप से साधक को गुढ़ ज्ञान तथा सांकेतिक ज्ञान का अर्थ समझने में भी विशेष सुभीता का अहसास होता है. विद्यार्थी वर्ग के लिए भी यह साधना प्रयोग वरदान स्वरुप है, क्यों की विद्या से सबंधित होने के कारण साधको को अभ्यास में भी प्रगति इस साधना के माध्यम से प्राप्त हो सकती है.

यह प्रयोग साधक कृष्ण पक्ष की अष्टमी को संपन्न करे. समय रात्रि में १० बजे के बाद का रहे. साधक रात्रि में स्नान आदि से निवृत हो कर लाल वस्त्रों को धारण करे. इसके बाद साधक लाल आसन पर उत्तर की तरफ मुख कर बैठ जाये.

इसके बाद साधक अपने सामने भगवती महाकाली का कोई चेतन विग्रह या यंत्र या चित्र को स्थापित करे. साधक गुरु पूजन, गणपति पूजन तथा महाकाली पूजन को संपन्न करे. साधक को गुरुमन्त्र का जप करे. इसके बाद साधक न्यास की प्रक्रिया करे.

करन्यास

क्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

क्रीं तर्जनीभ्यां नमः

क्रूं मध्यमाभ्यां नमः

क्रैं अनामिकाभ्यां नमः

क्रौं कनिष्टकाभ्यां नमः

क्रः करतल करपृष्ठाभ्यां नमः

अङ्गन्यास

क्रां हृदयाय नमः

क्रीं शिरसे स्वाहा

क्रूं शिखायै वषट्

क्रैं कवचाय हूम

क्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्

क्रः अस्त्राय फट्

न्यास करने के बाद साधक महाकाली का ध्यान कर निम्न मन्त्र की ११ माला मन्त्र जप करे. यह मन्त्र जप शक्तिमाला, मूंगामाला या रुद्राक्षमाला से किया जा सकता है.

मन्त्र - ॐ आं आं क्रों क्रों क्रीं क्रीं कालि कालिके हूं हूं फट स्वाहा

(OM AAM AAM KROM KROM KREEM KREEM KAALI KAALIKE HOOM HOOM PHAT SWAAHAA)

मन्त्रजप पूर्ण होने पर साधक योनी मुद्रा से देवी को जप समर्पित कर श्रद्धा से वंदन करे. साधक को यह क्रम ३ दिन तक रखना चाहिए. माला का विसर्जन नहीं करना है, साधक इसको भविष्य में भी उपयोग में ला सकता है.

===

VIDYAKAALIKA SADHNA

MAHAKAALIKA MAHAVIDYAAM KALAUPORNPHALPRADA

Ten Shaktis, known by the name of Das Mahavidya among sadhaks is best Vidya and ruler of universe. All its forms are special in them and are capable of providing every type of happiness and pleasure to sadhak. But every Mahavidya has got its own significance which has been indisputably agreed upon from ancient ages. But the form of Mahakaali has always been worshipped in hearts of every sadhak. Its many prime forms and some special forms have been famous among sadhna world. May be it is Dakshin Maarg (right hand path of Tantra) or Kapaalik sadhna, shamshaan or Augarh sadhna or Trik or Kaula path , sadhna/upasana of Devi has been done in all paths by every sadhak in many of its forms in many padhatis from ancient ages. May be Mahakaali has been considered to be the Shakti of destruction procedure but she is operational in all three basic procedure of universe (Construction, Maintenance and destruction).

This Shakti of Mahakaal from of Aadi Shiv has always been worshipped among common public due to her nature to do welfare and provide security. Highest-level Siddhs and sadhaks have accepted unanimously that sadhak can attain various types of accomplishments by doing sadhna/upasana of Bhagwati Mahakaali and attain complete success in both materialistic and spiritual aspects of life. Mahakaali is one such Mahavidya about which it is said that she provides quick results in Kalyuga. Certainly, it is indisputable truth related to Devi which has been witnessed by many sadhaks in this era. Ancient Tantra scriptures say that doing sadhna of Bhagwati is equivalent to rise in good-luck of any sadhak.

There are many forms related to Bhagwati known among sadhaks but Vidyakaali or Vidyakaalika form of Bhagwati is considered to be very abstruse and special since this form is form related to Vidya i.e. abstruse knowledge, accomplishing which sadhak attains many types of abstruse knowledge. But sadhna procedure related to this form of goddess is very intense and exceptional, which cannot be easily carried out. And in today's era, this procedure is uncomfortable in many respects for householders. But there are Saumya (peaceful) Laghu (Small) prayog related to this secretive form which can be very easily done by sadhak. In this context, prayog related to Devi Vidyakaalika is presented here. After doing this prayog, sadhak attains many knowledge-related benefits. Sadhak feels easiness to comprehend any subject, there is development in memory-power of sadhak, and especially sadhak feels comfortable in understanding meaning of abstruse knowledge and indicative knowledge. This prayogs is boon for student category because sadhak can attain progress in their practice since it is related to Vidya.

Sadhak should do this prayog on eighth day of Krishn paksha of any month. It should be done after 10:00 P.M in the night. Sadhaks should take bath and wear red dress. After it, sadhak should sit on red aasan facing North direction.

Thereafter sadhak should establish any energized idol/yantra/picture if Bhagwati Mahakaali in front of him. Sadhak should do Guru Poojan, Ganpati Poojan and Mahakaali poojan. Sadhak should chant Guru Mantra and then do the Nyaas procedure.

KAR NYAAS

KRAAM ANGUSHTHAABHYAAM NAMAH

KREEM TARJANIBHYAAM NAMAH

KROOM MADHYMABHYAAM NAMAH

KRAIM ANAAMIKAABHYAAM NAMAH

KRAUM KANISHTKABHYAAM NAMAH

KRAH KARTAL KARPRISHTHAABHYAAM NAMAH

ANG NYAAS

KRAAM HRIDYAAY NAMAH

KREEM SHIRSE SWAHA

KROOM SHIKHAYAI VASHAT

KRAIM KAVACHHAAY HUM

KRAUM NAITRTRYAAY VAUSHAT

KRAH ASTRAAY PHAT

After doing Nyaas, sadhak should do the dhayan (meditation) and chant 11 rounds of below mantra. This can be done by Shakti rosary, Moonga rosary or Rudraksh rosary.

Mantra - OM AAM AAM KROM KROM KREEM KREEM KAALI KAALIKE HOOM HOOM PHAT SWAAHAA (ॐ आं आं क्रों क्रों क्रीं क्रीं कालि कालिके हूं हूं फट स्वाहा)

After completion of Mantra Jap, sadhak should dedicate mantra Jap to Dev by showing Yoni Mudra and pray to her with reverence. Sadhak should do this procedure for 3 days. Rosary should not be immersed. Sadhak can use this rosary in future.

वसन्त सुन्दरी साधना

VASANT SUNDARI SADHANA PRAYOG

भगवती त्रिपुर सुंदरी साधना का एक अद्भुत प्रयोग

वसंत, एक ऐसा शब्द जिसको सुनते ही मनुष्य एक मधुर परिकल्पना को अपने सामने साकार करने लगता है. समय का एक ऐसा भाग, जो की व्यक्ति को चारों तरफ से सौंदर्य और माधुर्य बरसाने के लिए आतुर हो जाता है. पुष्प जुमने लगते है, पैड जेसे मौन अंगडाई से उठ कर कुछ कहने के लिए बेताब हो जाते है, नदियों की कल कल कुछ और शांत, स्थिर सा गीत गुनगुनाती है, प्रकृति का यह एक ऐसा भाग है जिसमे सिर्फ मधुरता ही मधुरता बिखरी हुई है. इसी लिए एक विशेष काल खंड या ऋतू को भी वसंत का नाम दिया गया है, क्यों की उस समय प्रकृति अपने पूर्ण सौंदर्य को मनुष्य के लाभार्थ प्रदान करने के लिए उद्वत रहती है. हाँ, यह बात अलग है की मनुष्य क्या और कितना प्राप्त करता है या कितना कर सकता है, हो सकता है इस वसंत का या दूसरे शब्दों में प्रकृति की मुग्धता का वरण कर वह हर एक क्षण का आनंद उठाये या ये भी हो सकता है वह उपेक्षित कर दे और अपने जीवन में वसंत को स्थान ही न दे पाए, लेकिन प्रकृति का इसमें कोई दोष नहीं है.

मनुष्य के ऊपर यह आधार रखता है की वह प्रकृति तंत्र से क्या तथा कितना प्राप्त कर पता है. यह चर्चा करने का उद्देश्य वसंत का स्पष्ट अर्थ निर्देशित करना था. वसंत कोई ऋतू मात्र नहीं यह प्रकृति का एक वरदान है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन की न्यूनता का दूर कर सही अर्थो में माधुर्य की प्राप्ति कर सके तथा अपने जीवन का सौंदर्य औरभी निखार सके. और जब बात सौंदर्य माधुर्य की हो तो भगवती त्रिपुरसुंदरी के विविध स्वरुप की चर्चा कैसे न हो? तीनों लोक में सर्वश्रेष्ठ सौंदर्य को धारण करने वाली, भगवती त्रिपुरा के विविध स्वरुप से सभी साधक प्रायः परिचित ही है. लेकिन भगवती का एक ऐसा स्वरुप भी है जो की जनमानस में सुपरिचित नहीं है लेकिन सिर्फ साधको के मध्य यह रूप प्रचलित रहा है. भगवती का यही रूप वसंत सुंदरी के नाम से जाना जाता है. यह स्वरुप और इसकी साधना पद्धति का विधान अत्यधिक गुढ़ तथा रहस्यमय रहा है. गुरुमुखी प्रणाली से भगवती से इस रूप से सबंधित कुछ प्रयोग प्रचलन में रहे है. प्रस्तुत प्रयोग उसी कड़ी में से एक प्रयोग है जो की सिद्धो के मध्य प्रचलन में रहा है. ब्रह्मांडीय यन्त्र अर्थात विशुद्ध पारद से निर्मित पूर्ण प्राण प्रतिष्ठित श्रीयंत्र पर यह प्रयोग को संपन्न किया जाता है क्यों की भगवती त्रिपुरसुंदरी से सबंधित कोई भी प्रयोग में यह यंत्र का अपना ही महत्त्व है जो की तंत्र साधको को ज्ञात है ही. फिर भी, कोई कारणवश यंत्र अगर उपलब्ध न हो पाए तो व्यक्ति कोई भी योग्य एवं प्राणप्रतिष्ठित श्रीयंत्र पर यह प्रयोग को संपन्न करे. यह प्रयोग के कई प्रकार के लाभ साधक को मिलते है.

